# रणजीत टाइम्स

इंदौर

गुरुवार, 26 जून, 2025

वर्ष 01 | अंक 162 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया देश के पहले

## पुलिस कमिश्नरेट में स्थित सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र का लोकार्पण





**प्राचीन सोच को नूतन नवीन रूप से कायम कर समाज में आत्मीयता पूर्ण माहौल स्थापित करती है मध्यस्थता - मुख्यमंत्री डॉ. यादव**

### इंदौर में 22 मध्यस्थता केंद्रों में 125 मध्यस्थ के द्वारा 5000 से अधिक मामलों को सुलझाया गया


गोपाल गावंडे » रणजीत टाइम्स

प्रधान संपादक


इंदौर। हमारे देश की प्राचीन सोच को नूतन नवीन रूप से कायम कर समाज में आत्मीयता पूर्ण माहौल बनाने के लिए मध्यस्थता की वर्तमान समय की मांग हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में देश के पहले पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय में स्थित सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र के लोकार्पण के अवसर पर कही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यस्थता से ना केवल मामलों का निपटारा होता है अपितु समाज में आपसी विश्वास पैदा होता हैं। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता की सोच को मध्य प्रदेश सरकार गांवों तक ले जाने के प्रयास करेगी जिससे गांवों में भी परस्पर सौहार्द्र का माहौल बन सके। उन्होंने कहा कि सामाजिक तानेबाने से सुचारू संचालन के लिए जरूरी है कि पारिवारिक रिश्तों की मजबूती बने रहे। उन्होंने इंदौर पुलिस कमिश्नरेट, जिला प्रशासन और विधिक सेवा प्राधिकरण को बधाई देते हुए कहा कि यह पुण्य कार्य के लिए सराहनीय मॉडल है।





आज पुलिस कमिश्नरेट इन्दौर एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इन्दौर के संयुक्त तत्वावधान में कार्यालय पुलिस आयुक्त पलासिया में नवनिर्मित सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति एवं कार्यपालिक अध्यक्ष, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण म.प्र. उच्च न्यायालय जस्टिस श्री संजीव सचदेवा एवं प्रशासनिक न्यायाधिपति, म.प्र. उच्च न्यायालय, खण्डपीठ इन्दौर एवं अध्यक्ष, उच्च न्यायालय मध्यस्थता समिति जस्टिस श्री विवेक रूसिया की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट , सांसद श्री शंकर लालवानी, उच्च न्यायालय के जजेस, संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह एवं इंदौर के मध्यस्थ उपस्थित रहें। मध्यस्थता समझौता कराने के साथ मानवीय रिश्तों को मजबूत बनती है कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति एवं कार्यपालिक अध्यक्ष, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण म.प्र. उच्च न्यायालय जस्टिस श्री संजीव सचदेवा ने कहा कि मध्यस्थता विवादो में समझौता कराने के साथ साथ मानवीय रिश्तों को मजबूत करने का भी कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों में इसे मीडिएशन की संज्ञा दी गई है जबकि भारत में वर्षों से पंच सरपंचों द्वारा विवादों के मामले में समझौता किया जा रहा हैं। इंदौर में 22 मध्यस्थता केंद्रों में 125 मध्यस्थ के द्वारा 5000 से अधिक मामलों का सुलझाया गया।

प्रशासनिक न्यायाधिपति, म.प्र. उच्च न्यायालय, खण्डपीठ इन्दौर एवं अध्यक्ष, उच्च न्यायालय मध्यस्थता समिति जस्टिस श्री विवेक रूसिया ने बताया कि इंदौर में इंदौर में 22 मध्यस्थता केंद्रों में 27 विभिन्न सामाजिक समूहों के 125 मध्यस्थ के द्वारा 5000 से अधिक मामलों का सुलझाया गया। उन्होंने बताया कि इंदौर देश का एकमात्र शहर है जहां कलेक्टर कार्यालय एवं कमिश्नर कार्यालय में मध्यस्थता केंद्र स्थापित हैं। कमिश्नर कार्यालय में पिछले 4 माह से ट्रायल के आधार पर मध्यस्थता केंद्र का संचालन किया जा रहा है जिसके सकारात्मक परिणाम आने पर आज मूर्त रूप से इसका लोकार्पण किया गया हैं। सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट कार्यक्रम के अंत में पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सम्मानस्वरुप से प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

## संविधान हत्या दिवस मनाया गया


संजय प्रेम जोशी


हाटपिपलिया। स्थानीय शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटपिपलिया में शासन के निर्देशन अनुसार संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य वीरेंद्र सिंह सेंधव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया इस अवसर पर संस्था के शिक्षक शैलेंद्र सिंह पवार द्वारा संविधान द्वारा प्रदत मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी छात्रों को प्रदान की शिक्षक अभिषेक आर्य द्वारा आपातकाल के बारे में छात्रों को बताया गया एवं छात्रों को आपातकाल से संबंधित लघु चित्र भी स्क्रीन पर दिखाए गए इस अवसर पर उपस्थित श्री मांगीलाल पाटीदार के निर्देशन में प्रतियोगिता भी आयोजित की गई इस अवसर पर संस्था के शिक्षक यशवंत कुमार ध्रुव, शंकर लाल डोरिया, शालिनी पाल अंकित बुनकर दीपिका विश्वकर्मा बिंदु राज लीलाधर परमार आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर राव द्वारा किया गया

# इंदौर में काम करने वाला अधिकारी साधारण नहीं हो सकता - संभागायुक्त

## प्रेस क्लब में हुआ जनसंपर्क संयुक्त संचालक श्री पटेल का बिदाई समारोह

दैनिक रणजीत टाइम्स

इंदौर। इंदौर प्रदेश का सबसे बड़ा शहर ही नहीं बल्कि एक विशिष्ट शहर भी है और यहां जो भी अधिकारी काम करने आता है वो असाधारण व्यक्तित्व का धनी होता है, जनसंपर्क विभाग के संयुक्त आयुक्त श्री आर आर पटेल उन्ही विलक्षण व्यक्तित्व में शुमार होते है। बीते आठ वर्षो से वे बहुत निष्ठा के साथ अपनी कर्तव्य परायणता को निभाते आ रहे है। यह बाद संभागायुक्त डॉ दीपक सिंह ने कही वे इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित श्री पटेल के बिदाई समारोह में बोल रहे थे। गौरतलब है कि संयुक्त संचालक जनसंपर्क श्री पटेल की दिर्घ सेवाओं के बाद हाल ही में भोपाल स्थानांतरण हुआ है। संभागायुक्त डॉ सिंह ने कहा वैसे तो जनसंपर्क अधिकारी की कभी बिदाई नहीं होती और हम भी श्री पटेल को बिदा नहीं बल्कि उनका सम्मान कर रहे है। उन्होंने प्रशासन और प्रेस के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका का निर्वाहन किया जिसे सदैव याद किया जाता रहेंगा। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह, निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा भी विशेष रूप से मौजूद थे।



### हमेशा रहा सहयोगात्मक रवैया

स्वागत उद्बोधन देते हुए इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री अरविंद तिवारी ने कहा कि श्री पटेल जनसंपर्क विभाग के उन चुनिंदा अधिकारियों में से एक है जिनका रवैया हमेशा सहयोगात्मक रहा। पत्रकारों की छोटी छोटी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया और जब भी जरूरत पड़ी वे मदद से पीछे नहीं हटे। श्री पटेल से इंदौर प्रेस क्लब और पत्रकार बिरादरी का परिवारिक नाता बन चुका है जो जीवन पर्यन्त कायम रहेंगा।

### श्री पटेल के रहते चिंता नहीं रहती थी

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह ने कहा कि श्री पटेल के साथ इतना बेहतर समन्वय था कि किसी प्रकार की चिंता नहीं रहती थी। खास कर वीआईपी वीवीआईपी दौरे से वक्त क्योकि हर छोटे छोटे पाईट क्लीयर रहते थे जिससे हमे व्यवस्था बनाए रखने में खास मदद होती थी। श्री सिंह ने श्री पटेल को बधाई देते हुए कहा कि जल्द ही हम उन्हें बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका में देखेंगे।

### कम वक्त में हो गई गहरी आत्मीयता

निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इंदौर पोस्टिंग के बाद वे श्री पटेल के संपर्क में आए तो पहली ही बार में उनके व्यवहार के मुरीद हो गए। सामान्जस्य स्थापित करने के उनके गुण ने साबित कर दिया कि इस पद के लिए श्री पटेल ही श्रेष्ठ है। पदोन्नत या तबादला नौकरी का एक हिस्सा है पर जब इतने लोग आपके सम्मान में एकत्र हो यह हमारे काम का सबसे बड़ा इनाम होता है। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार श्री सतीश जोशी, श्री प्रकाश हिन्दुस्तानी ने भी संबोधित किया।

### समारोह में

इंदौर प्रेस क्लब की ओर से श्री पटेल का शाल श्रीफल भेट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, दीपक कर्दम, महासचिव हेमंत शर्मा,कोषाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, कार्यकारणी सदस्य राहुल वावीकर, प्रवीण बरनाले, प्रियंका पांडे, वरिष्ठ पत्रकार किर्ती राणा, मुकेश तिवारी, डॉ अर्पण जैन, महेंद्र सोनगरा, पियुष पारे, सुधाकर सिंह, महेश मिश्रा, विकास सिंह सोलंकी, राजेंद्र कोपरगांवकर, प्रवीण सावंत, खुशबू यादव, लोकेश सोलंकी, मार्टिन पिंटो, प्रकाश तिवारी, आनंद शिवरे सहित अनेक पत्रकार मौजूद थे।

# सीईओ के निरीक्षण के दौरान विद्यालय एवं मध्यान्ह भोजन मिला बंद

## अनुपस्थित रोजगार सहायक एवं शिक्षकों को जारी किए नोटिस

दैनिक रणजीत टाइम

जगदीश पाल

पिछोर (शिवपुरी) शिवपुरी परियोजना अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पिछोर एन.एस.नरवरिया द्वारा 25 जून बुधवार को पिछोर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतों में ई केवाईसी, तथा अन्य योजनाओं से सम्बंधित चल रहे विकास कार्यों तथा विद्यालयों का ओचक निरीक्षण किया! जानकारी के अनुसार सीईओ नरवरिया नें अपनें भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत नावली, बक्सनपुर आदि ग्रामों में ग्रामवासियों द्वारा कराई जा रही समग्र ई केवाईसी का मौके पर निरीक्षण किया तथा इस सम्बन्ध में ग्रामीण वासियों को इस कार्य को गंभीरता से पूर्ण करनें को कहा एवं उन्होंने कहा यदि आप लोगों की ई केवाईसी समग्र आईडी से लिंक नहीं है तो आप लोग शासन की किसी भी योजना का लाभ नहीं ले सकते हो ! आप लोग ई केवाईसी अबश्य कराएँ !इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत नावली,बक्शनपुर ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया, जहाँ नावली में पदस्थ रोजगार सहायक अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी व्यक्त की तथा इसके साथ ही उन्होंने शासकीय माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय नावली को देखा जहां माध्यमिक विद्यालय बंद पाया गया तथा प्राथमिक विद्यालय में दो शिक्षक अनुपस्थित पाए गए,किंतु छात्र उपस्थिति पंजी पर 16 जून से 25 जून तक छात्रों की उपस्थिति दर्ज नहीं पाई गई !बही प्राथमिक विद्यालय करियाठेका भी बंद मिला इसके साथ विद्यालयों में बच्चों को दिया जाने वाला मध्यान भोजन भी वितरण नहीं किया जा रहा है !



# अब उठेगा पर्दा..!

## सोनम के बैग से मिली पिस्टल, "तंत्र क्रिया" का भी एंगल आया सामने

### राजा रघुवंशी हत्याकांड में नए मोड़, हवाला, हथियार और तंत्र से जुड़ी गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

राजेश धाकड़



इंदौर। इंदौर का चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड लगातार पेचीदा होता जा रहा है। एक ओर जहां सोनम-राज के प्रेम संबंधों की चर्चा थमी नहीं थी, अब मामले में हथियार, हवाला और तंत्र क्रिया जैसे सनसनीखेज एंगल भी सामने आ गए हैं। सूत्रों के अनुसार, शिलॉन्ग पुलिस को इंडस्ट्री हाउस के पीछे एक नाले से एक सफेद थैली में रखी गई पिस्टल बरामद हुई है — यह वही पिस्टल बताई जा रही है जो सोनम के बैग में रखी गई थी। इस पिस्टल की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है, जिससे हत्या से इसके सीधे संबंध की पुष्टि हो सके। इसी क्रम में, बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर शिलोम जेम्स के घर के बाहर खड़ी एक कार से करीब 1 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की गई है। तंत्र क्रिया और हवाला का इनपुट, सोनम का लैपटॉप अब सुराग की सबसे बड़ी कड़ी शिलॉन्ग पुलिस को जांच में हवाला कनेक्शन से जुड़े कुछ इनपुट भी मिले हैं। वहीं, तांत्रिक गतिविधियों की आशंका भी सामने आई है। पुलिस को सोनम से जुड़ी चैट्स में ऐसे संदेश मिले हैं जो यह संकेत देते हैं कि वह तंत्र क्रियाओं में विश्वास रखती थी। उसके दोस्तों ने भी इस बात की पुष्टि की है। फिलहाल, पुलिस की नज़र अब सोनम के गायब लैपटॉप पर है। पुलिस का मानना है कि उसमें हवाला लेन-देन, तंत्र क्रियाओं, और हत्या की प्लानिंग से जुड़ी अहम जानकारियाँ मिल सकती हैं। सूत्रों का दावा है कि शिलोम ने ही लैपटॉप गायब करवाया है। इसी वजह से शिलोम और बलवीर को इंदौर में रखकर लगातार पूछताछ की जा रही है।

इंदौर क्राइम ब्रांच भी सतर्क, शिलॉन्ग पुलिस का संपर्क अब तक सीमित- एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि शिलॉन्ग पुलिस, लोकेंद्र, बलवीर और शिलोम से पूछताछ कर रही है।"अब तक शिलॉन्ग पुलिस ने पूछताछ का कोई आधिकारिक विवरण इंदौर पुलिस से साझा नहीं किया है। सभी आरोपी ट्रांजिट रिमांड पर पुलिस निगरानी में हैं।"

नार्को टेस्ट की मांग खारिज- राजा रघुवंशी के परिजन लगातार नार्को टेस्ट की मांग कर रहे हैं, लेकिन पूर्व खासी हिल्स के एसपी विवेक सईम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि "हमारे पास पर्याप्त सबूत हैं। नार्को टेस्ट की कानूनी मान्यता नहीं है और सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस पर रोक भी है।"

अब जांच का फोकस तंत्र, हवाला और डिजिटल साक्ष्य- राजा की कथित गर्लफ्रेंड से लेकर सोनम के व्यवहार और तंत्र-हवाला एंगल तक — पुलिस अब हर एंगल की गहराई से जांच कर रही है। इस हाई-प्रोफाइल हत्याकांड का हर नया मोड़, इस केस को और भी उलझाता जा रहा है। अब देखना यह है कि सोनम का लैपटॉप और पिस्टल की रिपोर्ट क्या राज खोलते हैं।

# बारिश आई है...

## ज़रा रुक जाइए, भीग जाइए, मुस्कुरा जाइए!

रणजीत टाइम्स विशेष स्तंभ

बारिश हो... और हम छत की खोज में भागते रहें?
नहीं! इस बार रुकिए, जरा भीगिए...
क्योंकि बारिश सिर्फ मौसम नहीं लाती, वो यादें,
ख्वाब और जिंदगी के बंद पड़े दरवाजे खोलती है।

बारिश में वो स्ट्रीट लाइट की रौशनी में
थिरकती बूंदें disco नहीं, जिंदगी का नृत्य करती हैं।
थोड़ा धीमा चलिए...
मंज़िलें वहीं हैं, लेकिन ये रास्ता दोबारा नहीं मिलेगा।

भीगना गुनाह नहीं है...
जुकाम आ गया तो दवा मिल जाएगी,
लेकिन इस मौसम में खुद से मुलाक़ात का जो मौका है,
वो फिर शायद ना मिले।

याद कीजिए, वो कागज की नाव,
कॉलेज से भीगकर लौटते दिन,
या बारिश में बेवजह हंसते वो दोस्त...
शायद सब लौट के ना आएं,
पर उनकी यादें इस बारिश में जरूर लौट सकती हैं।

तो बारिश हो रही है...
छाते बंद रखिए, दिल खोलिए...
थोड़ा चलिए, थोड़ा भीगिए...
क्योंकि ये सावन...
जैसे घर आई बिटिया...
जाएगा भी चुपचाप।

इसलिए मत कहिएगा
"काश थोड़ा और रुक जाती..."
अभी वक्त है...
जरा मुस्कुरा लीजिए!



# गृहस्थ धर्म का विवेकपूर्ण पालन ही परमात्मा से योग का सहज साधन है



योग का शाब्दिक अर्थ होता है जोड़ना या मिलना। कालांतर में अनेक प्रसिद्ध व अप्रसिद्ध योगों का प्रादुर्भाव हुआ, परंतु मनुष्य योग क्यों और किससे करना चाहता है? यह एक यक्ष प्रश्न है। वास्तव में भौतिक संसार अपूर्ण है, विज्ञान की दृष्टि से देखें तो प्रत्येक अणु परमाणु स्थायित्व को प्राप्त करने के लिए अपने इलेक्ट्रॉन्स का आदान-प्रदान कर किसी दूसरे तत्व से योग द्वारा पूर्ण होना चाहता है। मानव भी पांच तत्वों से निर्मित है अपूर्ण है, पूर्ण होना चाहता है।

किसी भी स्थान पर पहुंचने के अनेक मार्ग हो सकते हैं। इसी प्रकार आत्मविस्तार, आत्मज्ञान या आत्मसाक्षात्कार के भी विभिन्न मार्ग हो सकते हैं। सभी का उद्देश्य एक ही होता है - आत्म तत्व को जानना, आत्मा का परमात्मा से योग, असत्य से सत्य की ओर या अंधकार से प्रकाश की ओर गमन। अधिकांश मार्ग संसार से वैराग्य की ओर ले जाते हैं, संसार को भोगते हुए बैरागी होना नहीं सिखाते। यह कला केवल भारतीय गृहस्थ आश्रम में संभव है। भारतीय संस्कृति पर आधारित गृहस्थ धर्म का विवेकपूर्ण पालन ही सहज योग है। श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रदत्त सहज योग आत्मोन्नति का एक सर्वसुलभ अल्प श्रमसाध्य योग है। सहजयोग में साधना का आरंभ उस स्थान से होता है जहां तक पहुंचने के लिए साधकों को कई वर्षों के कठिन तप या कभी-कभी कई जन्मों के कठिन तप से गुजरना पड़ता है। यह दूरी श्री माताजी के समक्ष क्षण भर में पूरी हो जाती है, आप तत्क्षण परम चैतन्य से एकीकृत हो जाते हैं। और इसके लिए संसार की किसी भी शास्त्रोक्त भोग्य वस्तु अथवा संबंध आदि का त्याग नहीं करना होता, ना ही कोई धन देना होता है। श्री चरणों में पूर्ण समर्पण ही एकमात्र योग्यता है। परंतु जैसा कि हमने पूर्व में कहा है कि आत्मा का साधन भौतिक शरीर है तथा भौतिक तत्व अपूर्ण व त्रुटि पूर्ण है। अतः हमें अपनी कनेक्टिविटी को बनाए रखने के लिए सुबह-शाम कुछ मिनट निर्विचार ध्यान में स्थित होना होता है, जो सहज ही संभव हो जाता है। सहजयोगी होना तभी संभव है जब आप गृहस्थ धर्म का पालन करते हैं। क्योंकि सहज योग में त्याग मात्र अहंकार, लोभ, मोह, क्रोध, ईर्ष्या एवं दूर्व्यसनों का करना होता है अन्य किसी का नहीं। सहजयोगी वही हो सकते हैं जो प्रेममय, आनंदमय व संतुष्ट गृहस्थ योगी होते हैं। सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं – 1800 2700 800 बेवसाइट - sahajayoga.org.in

# श्रद्धानंद मार्ग कलाली मोहल्ला स्थित जमीन पर से अवैध गुमटियां टीनेशेड हटाने कि कार्यवाही

**रिमूव्हल कार्यवाही के दौरान अवैध कब्जाधारी द्वारा निगम अधिकारियो के साथ किया था अभद्र व्यवहार**

**निगम ने कराई थी, थाना संयोगितागंज में एफआईआर दर्ज , जनसुनवाई में प्राप्त हुई थी अवैध कब्जे की शिकायत**



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार विगत दिनो जनसुनवाई में प्राप्त अवैध निर्माण की शिकायत के निराकरण के तहत आज अपर आयुक्त श्रीमती लता अग्रवाल के निर्देशन में झोन क्रमांक 12 में 56 श्रद्धानंद मार्ग कलाली मोहल्ला स्थित पंदमवंशीय मारवाडी राठौर पंचायत गोपाल मंदिर ट्रस्ट के स्वामित्व चारभुजा नाथ मंदिर की जमीन पर से अवैध गुमटियां टीनेशेड हटाने की कार्यवाही की गई।

## उक्त अवैध निर्माण हटाने की कार्यवाही को रोकने के लिये

अवैध निर्माणकर्ता द्वारा मान. उच्च न्यायालय मे डब्ल्युपी नंबर 22689/2025 नीलम सोनकर विरूद्ध नगर निगम इंदौर याचिका अवैध निर्माण तोडने की कार्यवाही को रोकने तथा कार्यवाही पर स्थगन आदेश के लिये याचिका लगाई थी, जिसे मान. उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 23 जून 2025 को बिना किसी आदेश के खारिज किया गया था।

विदित हो कि उक्त 20 जून 2025 को निगम रिमूव्हल कार्यवाही के दौरान झोन क्रमांक 12 के अंतर्गत रिमूव्हल टीम द्वारा 56 श्रद्धानंद मार्ग कलाली मोहल्ला स्थित पदवंशीय मारवाडी राठौर पंचायत गोपाल मंदिर ट्रस्ट के स्वामित्व चारभुजा नाथ मंदिर की भूमि पर अवैध गुमटियां, टीन शेड बनाकर कब्जा करने की शिकायत जनसुनवाई में आई थी, उक्त शिकायत के निराकरण के लिये निगम की रिमूव्हल टीम जब मौके पर रिमूव्हल कार्यवाही करने पहुंची थी, अवैध निर्माणकर्ता नीलम सोनकर, बृजराज सोनकर, बंटी सोनकर, गौरव सोनकर द्वारा रिमूव्हल कार्यवाही का विरोध करते हुए, शासकीय कार्य में बाधा डालकर निगम अधिकारियो व कर्मचारियो के साथ अभद्र व्यवहार किया गया था। जिस पर भवन अधिकारी श्री राहुल सुर्यवंशी द्वारा नीलम सोनकर, बृजराज सोनकर, बंटी सोनकर, गौरव सोनकर के विरूद्ध थाना संयोगिता गंज में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

## निगम रिमूव्हल विभाग की टीम द्वारा

12 के अंतर्गत रिमूव्हल टीम द्वारा 56 श्रद्धानंद मार्ग कलाली मोहल्ला स्थित पदवंशीय मारवाडी राठौर पंचायत गोपाल मंदिर ट्रस्ट के स्वामित्व चारभुजा नाथ मंदिर की भूमि पर अवैध गुमटियां, टीन शेड हटाने की कार्यवाही कि जाकर अवैध निर्माण से स्थल को मुक्त करते हुए, जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत का निराकरण किया गया। कार्यवाही के दौरान अपर आयुक्त श्रीमती लता अग्रवाल, रिमूव्हल अधिकारी श्री अश्विन कल्याणे एवं श्री विनीत तिवारी व रिमूव्हल टीम उपस्थित थी।

# कतर से श्रीमती मनीषा की सकुशल स्वदेश वापसी,मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कॉल कर कुशलक्षेम जानी



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**उज्जैन ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इजरायल-ईरान युद्ध के चलते कतर से वापसी के लिये रह गई उज्जैन निवासी श्रीमती मनीषा भटनागर की सकुशल स्वदेश वापसी के बाद उनसे वीडियो कॉल पर चर्चा कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। उल्लेखनीय है कि श्रीमती मनीषा भटनागर कतर एयरवेज में सीनियर केबिन क्रु हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनकी सकुशल वापसी के लिए केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से सहयोग के लिए अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के संबंधित अधिकारियों को केंद्र सरकार के संपर्क में रहते हुए श्रीमती मनीषा की सकुशल स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे।

# वृक्षों को सहेजिए

**उन पर कुल्हाड़ी मत चलाइए**

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**इंदौर ।** सुदामा नगर स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में एक सुंदर उद्यान है, जहाँ हरियाली की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। यहाँ छोटे-छोटे पाम के पौधे भी लगाए गए हैं, ताकि वे बड़े होकर पूरे उद्यान की शोभा बढ़ा सकें। इस उद्यान की विशेषता एक विशाल वृक्ष था, जो न केवल सैकड़ों पक्षियों का आश्रय स्थल था, बल्कि उनके मधुर कलरव से वातावरण अत्यंत कर्णप्रिय हो जाता था। यह वृक्ष पर्यावरण की शोभा था और भीषण गर्मी में शीतल छांव प्रदान करता था। दुर्भाग्यवश, इस वृक्ष को इस प्रकार काटा गया कि अब वह न तो परिंदों के लायक रहा, न ही छाया देने योग्य। एक ओर हम 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाकर वृक्षारोपण करते हैं, ताकि भविष्य में हरियाली, छांव और ऑक्सीजन का लाभ मिल सके, वहीं दूसरी ओर हरे-भरे, जीवनदायी वृक्षों की कटाई करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और गलत है। इस वृक्ष को काटने का तर्क दिया गया कि इसके पत्तों से बहुत कचरा फैलता था। यदि ऐसा था, तो नगर निगम से एक सफाई कर्मचारी की मांग की जा सकती थी, जो नियमित रूप से पत्तों को साफ कर देता। मात्र कचरे के नाम पर ऐसे वृक्ष को काटना न केवल अनुचित, बल्कि पर्यावरण विरोधी कदम है।



## संभागायुक्त श्री गुप्ता की अध्यक्षता में आबकारी विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

उज्जैन । संभागायुक्त श्री संजय गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को आबकारी विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक प्रशासनिक संकुल भवन के कमिश्नर कार्यालय सभागृह में आयोजित की गई। संभागायुक्त श्री गुप्ता ने सभी जिलों के आबकारी अधिकारियों को कहा कि एनडीपीएस के कैस बनाते समय पब्लिक प्रॉसिक्यूटर की मदद ली जाए व उन्हें बैठकों में बुलाया जाए । श्री गुप्ता ने अवैध रूप से शराब की बिक्री ना हो, कच्ची शराब का निर्माण बिल्कुल ना हो यह सुनिश्चित करने के लिए सतत निगरानी और प्रकरण बनाने की प्रक्रिया में उचित धाराओं का उपयोग कर साक्ष्यों को व्यवस्थित रुप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए जिससे अपराधी के छूटने की संभावना ही ना हो। बैठक में श्री गुप्ता ने आबकारी अमले को एनडीपीएस एक्ट संबंधित प्रकरण बनाने के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए । बैठक में श्री गुप्ता ने जिलेवार समूह को वितरित कंपोजिट मदिरा दुकानों की जानकारी ली व संभाग के सभी जिलों में आबकारी राजस्व में वृद्धि की समीक्षा की । समीक्षा के दौरान उपायुक्त आबकारी श्री हर्षवर्धन राय ने जानकारी देते हुए बताया कि धार्मिक नगर उज्जैन को छोड़कर सभी स्थानों पर राजस्व में वृद्धि दर्ज की गई है । इस वर्ष संभाग में 10.53 प्रतिशत राजस्व वृद्धि हुई है। संभाग के मंदसौर में 13.19 प्रतिशत, नीमच में 20 प्रतिशत, रतलाम में 21.22 प्रतिशत, देवास में 21.37 प्रतिशत, शाजापुर में 16.98 प्रतिशत, आगर मालवा में 20 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई वही उज्जैन नगर निगम क्षेत्र में शराब बंदी के पश्चात 5.50 प्रतिशत राजस्व की कमी दर्ज की गई है । संभाग में संचालित मदिरा दुकानों द्वारा 2 हजार 29 करोड़ रुपए से अधिक का वार्षिक निष्पादित मूल्य प्राप्त होगा । संभागायुक्त श्री गुप्ता ने वेयरहाउस के स्टॉक की जानकारी ली और वेयर हाउसेस के सतत निरीक्षण करने के आदेश दिए । उपायुक्त आबकारी श्री राय ने बताया कि अब समूह को भी पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होता है जो की 100% पारदर्शी होता है। समूह द्वारा केवल रजिस्टर्ड बैंकों की ही गारंटी मान्य की जाती है जिससे वसूली भी की जा सकती है। श्री राय ने बताया कि संभाग में दो स्थान उज्जैन व जावरा में आबकारी वेयरहाउस मौजूद है जिसमें सीधे कंपनी से माल की आपूर्ति की जाती है व मांग के अनुसार स्टॉक को मेंटेन किया जाता है जिसकी सारी प्रक्रिया ऑनलाइन होती है। बैठक में संभाग में संचालित भांग दुकानों की भी समीक्षा की गई और उनसे प्राप्त राजस्व की जानकारी ली गई । बैठक में श्रीमती निधि जैन, श्री विजय कुमार जैन, श्रीमती मंदाकिनी दीक्षित ,श्री बी. एल. दांगी, श्री एन. पी. सिंह व विभिन्न जिलों के जिला आबकारी अधिकारी उपस्थित थे ।




## अवैध हथियार (चाकू) के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाला आरोपी, अवैध चाकू सहित पुलिस थाना हीरागनर की गिरफ्त में

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

इंदौर। इंदौर शहर में अपराध नियंत्रण हेतु वरिष्ठ अधिकारियों व्दारा इंदौर कमिश्नरेट में अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में डीसीपी जोन-03 द्वारा अवैधानिक गतिविधियों में लिप्त तथा सोशल मीडिया के माध्यम से दहशत फैलाने जैसे अपराध करने वाले असामाजिक तत्वों के संबंध में पतारसी एवं धरपकड़ हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए पुलिस इंदौर की टीमों को निर्देशित किया गया है। को सोशल मीडिया पर चाकू लहराते हुए आरोपी का वीडियो वायरल हुआ था। जिस पर पुलिस थाना हीरानगर की टीम द्वारा आरोपी को ट्रेस कर आरोपी मोहित उर्फ भोला रघुवंशी उम्र 28 साल नि. बजरंग नगर इंदौर की पतारसी की गई, जिसके पास एक अवैध हथियार चाकू भी मिला, जिसे विधिवत जप्त कर, आरोपी के विरुद्ध थाना हीरानगर पर,धारा 25 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है एवं आरोपी के विरुद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस. अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है।




## नगरीय निकायों में हरित क्षेत्र विस्तार पर जनप्रतिनिधि दें विशेष ध्यान

### प्रदेश में अमृत योजना में 12 हजार करोड़ रूपये के कार्य प्रगति पर

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

उज्जैन । नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने गत दिवस भोपाल के पालिका भवन में प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों के अध्यक्षों के साथ बैठक की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से शहरी क्षेत्र में विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में सफाई कामगार आयोग के अध्यक्ष श्री प्रताप करोसिया भी मौजूद थे।

आयुक्त नगरीय प्रशासन ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में पर्यावरण के संतुलन के लिये हरित क्षेत्र के विस्तार की आवश्यकता है। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्रों में पार्कों के रख-रखाव की तरफ भी नियमित रूप से देखभाल किये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अमृत योजना के अंतर्गत 12 हजार करोड़ रूपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर हैं। आयुक्त ने कहा कि नगरीय निकायों में नियमित कर संग्रहण पर ध्यान दिया जाये। कर संग्रहण में सूचना प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग किया जाए।



कार्यालयों में उपस्थिति में भी हो तकनीक का उपयोग- आयुक्त श्री भोंडवे ने कहा कि नगरीय निकाय में उचित प्रबंधन के लिये अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिये फेस रिकग्निशन अटेंडेंस सिस्टम ( एफआरएएस) लागू की जाये और इसमें पूरी पारदर्शिता रखी जाये। उन्होंने हाल ही में राज्य सरकार के पदोन्नति संबंधी आदेश की जानकारी भी साझा की। आयुक्त ने कहा कि इस आदेश से निकायों में सफाई मित्र, माली जैसे आवश्यक पदों पर पदोन्नति और नई नियुक्तियां की जा सकेंगी। उन्होंने नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने क्षेत्र में ई-व्हीकल्स के उपयोग को प्रोत्साहित करें।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निकाय होंगे पुरस्कृत

आयुक्त श्री भोंडवे ने विभाग की कर संग्रहण प्रोत्साहन पुरस्कार योजना की जानकरी जनप्रतिनिधियों से साझा की। उन्होंने बताया कि कर संग्रहण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निकायों को 100 करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की जायेगी। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने शहरी क्षेत्रों की भूमि पर वर्षों से रह रहे नगरवासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिये जाने का सुझाव दिया।

# आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने की पत्रकार वार्ता

## आपातकाल में कांग्रेस के द्वारा किये अत्याचार के बारे में दी जानकारी

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

नागदा जं. । आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होनेपर भाजपा द्वारा लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान में स्नेहकुंज गार्डन में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें पूरे जिले से लोकतंत्र सेनानियों व उनके परिवारजनों को आमंत्रित कर देश में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के प्रारम्भ होने से पहले राजगढ के सांसद व भाजपा के वरिष्ठ नेता माननीय रोडमलजी नागर द्वारा व लोकतंत्र सेनानी श्री गणेशजी अग्रवाल इन्दौर द्वारा प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता की शुरूआत में विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान द्वारा पधारे अतिथियों से परिचय करवा कर




शुरूआत की। तत्पश्चात् सांसद श्री नागर द्वारा आज के आपातकाल के काले दिवस के 50 वर्ष पूर्ण होने पर पत्रकारो से विस्तृत चर्चा की जिसमें सांसद जी ने प्रजातंत्र के प्रहरियों का कांग्रेस शासन के आपातकाल में जो शोषण व यातना दी गई उसके बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही यह भी बताया कि श्री नागर द्वारा कांग्रेस के बारे में बताया कि कांग्रेस द्वारा 75 बार संविधान संशोधन किया जिसमें कुछ परिवर्तन किये और 90 बार तो इसलिए संशोधन किया कि चुनी हुई सरकार गिर जाएं श्री नागर द्वारा यह भी बताया कि भाजपा में लोग आज भी संविधान के आगे सिर झुकाकर प्रणाम करते है और कांग्रेस के लोग इसे अपनी जेब में रखकर चलते है। इनके साथ मुख्य अतिथि के रूप में गणेश जी अग्रवालग इन्दौर के द्वारा भी पत्रकारों से चर्चा की जिसमें उनके साथ जो घटनाक्रम हुआ और उन्हें जो यातनाए मिली जिससे उनके शरीर में आज भी कहीं वह घाव बने हुए हैं । आज भी उनके शरीर में उन चीजों का दर्द झलकता है। इन बातों को बताते हुए श्री गणेश जी अग्रवाल भावुक भी हो गए। इस प्रेस वार्ता में पत्रकारों द्वारा भी कई प्रश्न पूछे गए जिनका पधारे हुए अतिथियों द्वारा संतुष्ट पूर्वक जवाब दिया गया । इस अवसर पर विधायक डॉ तेजबहादुर सिंह चौहान और उज्जैन भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ उपस्थित रहे।

# पूज्य दिलीप मुनि एवं महासती आदर्श ज्योति जी म. सा.का देवलोकगमन

### मध्यप्रदेश,महाराष्ट्र राजस्थान के हजारों श्रद्धालु भक्तों ने डोल (अंतिम यात्रा) में भाग लेकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए





**दैनिक रणजीत टाइम्स**

मेघनगर । आचार्य श्री उमेश मुनि जी महाराज साहब एवं प्रवर्तक श्री जिनेंद्र मुनि जी महाराज साहब के शिष्य तपस्वी राज दिलीप मुनि जी का लिमखेड़ा व महासती आदर्श ज्योति महाराज साहब का इंदौर में देवलोक गमन होने के समाचार प्राप्त हुए जिससे नगर के जैन समाज में शोक की लहर छा गई महासती आदर्श ज्योति जी महाराज साहब नगर की भंडारी परिवार की पुत्री थी 10 दिसंबर 1972 में उमेश मुनि जी महाराज साहब से संयम जीवन अंगीकार किया था 55 वर्षो तक संयम जीवन का पालन करते हुए जिन शासन को गौरवान्वित किया आपकी अनेक शिष्याएं हैं सन 1995- 96 में नगर में आपका चातुर्मास हुआ था जिसमें कई तपस्वियों ने कठोर तप किए थे महावीर भवन में विराजित साध्वी भगवंत मुक्ति प्रभा जी महाराज साहब के सानिध्य में चार लोगस्स का ध्यान एवं नवकार महामंत्र के जाप किये। स्थानकवासी श्री संघ के सदस्य विपुल धोका ने बताया नगर सहित थान्दला, झाबुआ, पेटलावद ,राणापुर, रतलाम ,धार राजगढ़, उज्जैन ,बड़वानी खंडवा एवं महाराष्ट्र राजस्थान के हजारों श्रद्धालु भक्तों ने डोल (अंतिम यात्रा) में भाग लेकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। स्थानकवासी जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश भंडारी ने बताया तपस्वीराज पुज्य दिलीप मुनि जी महाराज साहब की दीक्षा 5 जनवरी 2009 आचार्य श्री उमेश मुनि जी महाराज साहब के सानिध्य में लिंमड़ी में संपन्न हुई थी । आपके सांसारिक पिता का नाम बाबूलाल कर्नावट एवं माता का नाम कमलाबाई कर्नावट व सांसारिक पत्नी का नाम मधु बहन कर्नावट था। पूरा कर्नावट परिवार भरा पूरा एवं धनाड्य परिवार था दीक्षा पश्चात अनेक शास्त्रों का गहन अध्ययन किया अनेक स्थानों में चातुर्मास कर जिन शासन को शोभायमान किया । 2025 का चतुर्मास गोधरा होना तय हुआ था जिसके लिये मुनि पैदल विहार करते हुए लिमखेड़ा पहुचे जहाँ उनका देवलोक गमन हुआ पश्चात देश के अनेक राज्यों से श्रद्धालु लिमखेड़ा पहुँचे एवं डोल (अंतिम यात्रा) में नगर सहित हजारों श्रद्धालु श्रावक श्राविकाओं सम्मलित हुए एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए!

# शासकीय विधि महाविद्यालय में संविधान हत्या दिवस मनाया गया

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**खरगोन आपातकाल की ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित लघु फिल्म और पीपीटी का प्रदर्शन किया गया खरगोन, बुधवार को संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार तथा मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय विधि महाविद्यालय, खरगोन, में 25 जून 1975 को लगे आपातकाल की पृष्ठभूमि में एक शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं से अवगत कराना था।**

कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक



पठन से हुई। इसके पश्चात महाविद्यालय के सभागार में विद्यार्थियों व शिक्षकों की उपस्थिति में आपातकाल के संदर्भ में एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें उस दौर की घटनाओं और उनके प्रभाव को रेखांकित किया गया । इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में एक जानकारी परक पीपीटी की प्रस्तुति दी गई, जिसमें आपातकाल से जुड़ी संवैधानिक धाराओं, नागरिक अधिकारों और तत्कालीन परिस्थितियों पर प्रकाश डाला गया। वीडियो और दृश्य-श्रव्य सामग्री के माध्यम से छात्रों को विषय की गंभीरता और ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया गया । कार्यक्रम का समापन प्राचार्य डॉ. जी. एस. चौहान द्वारा विद्यार्थियों एवं स्टाफ को संविधान के मूल्यों को बनाए रखने की शपथ दिलाकर किया गया। कार्यक्रम में प्रो.चन्द्रभान त्रिवेदी, दिग्विजय सिंह मण्लोई, तृप्ति सोनी तथा अन्य प्रोफेसर और महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा ।

# आपातकाल का लगाकर देश में काले अध्याय की शुरुआत की सुश्री उषा ठाकुर

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

झाबुआ । आज आपातकाल के काले अध्याय को लेकर प्रदेश भाजपा की मंशा अनुसार जिला भाजपा द्वारा एक निजी गार्डन में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी योगेन्द्र नाहर ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की पुर्व मंत्री विधायक सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि देश की तानाशाह प्रधानमंत्री कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा संविधान की हत्या कर अपने पद को बचाने के लिए संविधान का मनमर्जी से उपयोग कर देश के इतिहास में एक काले अध्याय की शुरुआत की और आज के दिन 25 जून 1975 को आपातकाल लगाया इसी तरह के आदेशों द्वारा हमारे जैसे लाखों निर्दोष लोगों को जेल में बंद कर दिया सभी




मिसा बंदी जेल में बंद थे और जनता खुली जेल में बंद थी सभी की स्वतंत्रता समाप्त हो गई थी जेल में मुलाकात बंद थी आने जाने वाले पत्र भी जांच के बाद दिए जाते थे आज की पीढ़ी और आने वाली पीढ़ी को देश के काले अध्याय से अवगत कराना जरूरी है जिससे भविष्य में कोई संविधान की हत्या कर तानाशाह नहीं बने और संविधान के अनुरूप देश चले यही संविधान का सम्मान है यही देश की शान है यही तिरंगे का मान है इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भानु भुरिया पूर्व सांसद गुमान सिंह डामोर,मिसा बंदी श्रीमती भावसार,विमल कांठी, कार्यक्रम संयोजक दौलत भावसार,उपसंयोजक, राजेन्द्र उपाध्याय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य औमप्रकाश शर्मा, पंडित गणेश उपाध्याय, मनोहर मोदी अर्पित कटकानी सहित भाजपा पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## श्री गोवर्धननाथजी की हवेली से रथ यात्रा 28 जून को निकाली जावेगी

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

नागदा जं. I श्री गोवर्धन नाथजी की हवेली नागदा मे इस वर्ष भी दिनांक 28 जून शनिवार को रथ यात्रा महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर रथ यात्रा आयोजन समिति द्वारा हवेली में बैठक की गई जिसमें रथयात्रा की सम्पूर्ण रूपरेखा बनाई गई। जिसके तहत प्रातः 10.30 से हवेली में रथ यात्रा के 4 दर्शन होंगे जो दोपहर 1.30 तक होंगे उसके पश्चात प्रसाद का वितरण होगा। तत्पश्चात सायंकाल 4.30 बजे श्री गोवर्धन नाथजी की हवेली से श्री जगन्नाथ भगवान की रथ यात्रा प्रारंभ होगी जो दीनदयाल चौक, शहीद भगत सिंह चौक(रेलवे स्टेशन चौराहा) गांधी मार्ग, तिलक मार्ग, हॉस्पिटल चौराहा, जवाहर मार्ग होती हुई पुनः हवेली पहुंचेगी, जहां शयन आरती के दर्शन एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा।



यहां यह उल्लेखनीय है कि समिति द्वारा श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का नगर भ्रमण पिछले 17 वर्षो से लगातार किया जा रहा है। समिति द्वारा नगर के समस्त धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम मे ज्यादा से ज्यादा भाग लेने एवं अपने हाथों से भगवान श्री जगन्नाथजी का रथ खींचने का उक्त जानकारी समिति सचिव ब्रजेश पंड्या(बंटी) द्वारा दी गई

## न्यायालय अनुविभागीय (राजस्व) नागदा जिला उज्जैन के आदेश की धजिया उड़ाते हुऐ गिरधावर और पटवारी

### 25000 की रिश्वत देने के बाद भी किसान अपनी जमीन पर कब्जा नहीं ले पा रहा है हिंदू संगठन ने घेरा तहसील कार्यालय नागदा एसडीएम महोदय के नाम दिया ज्ञापन

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



नागदा जं.। हिंदू संगठन मप्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास, हिंदू टाइगर फोर्स भारत, राष्ट्रीय हिंदू परिषद भारत, के पदाधिकारी उज्जैन से नागदा पहुंचें एसडीएम कार्यालय नागदा पर धरना देकर ज्ञापन पत्र सोपा गया जिसमें बताया गया कि 20 मार्च 2025 आदेश घोषित के बावजूद जगदीश पिता रतनलाल जाती कुमावत निवासी ग्राम हिडी के पक्ष में न्यायालय अनुभव अधिकारी के द्वारा जमीन पर कब्जे के आदेश दिए गए जिस पर दिनांक 13, 6.2025 को कार्यालय तहसील नागदा के द्वारा कब्जा दिलाने के दौरान पुलिस बल उपलब्ध कराने के संबंध में पत्र लिखा गया लेकिन क्षेत्रीय पटवारी गिरदावर किसान जगदीश कुमावत से अवैध पैसे की मांग करने लगे परेशान किसान ने अपने जमाई से ऊधार लेकर पैसे की व्यवस्था की गांव का रहने वाला पंकज परमार के फोन पर ऑनलाइन पैसे डाले गए और उसे पंकज ने यह पैसे क्षेत्रीय पटवारी को दिए लेकिन क्षेत्रीय पटवारी की लालच और बड़ा और पैसे की मांग करने लगा जब किसान पैसे देने मे असमर्थ रहा तो उसकी जमीन का कब्जा नहीं दिलाया गया।

आज दिनांक को संगठन के पदाधिकारी नागदा पहुंचे एसडीम महोदय को ज्ञापन देकर यह मांगकारी की सर्वप्रथम तो किसान की जमीन पर उसको कब्जा दिलाया जाए जैसे कि न्यायालय के आदेश भी है और भ्रष्ट अधिकारी क्षेत्रीय पटवारी वह गिरधावर को तत्काल अपने पद से हटाया जाए । यह लोग कहते हैं ऐसे आदेश करने वाले के अधिकारी रोज आते और जाते हैं तुमसे बने वह कर लो हम तुम्हारा काम नहीं करेंगे ।

आज के इस आंदोलन में गौ रक्षा न्यास के संस्थापक हिंदू टाइगर फोर्स के राष्ट्रीय महासचिव मनीष सिंह चौहान, गोरक्षा ने प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश कुमावत, राष्ट्रीय हिंदू परिषद भारत के राज्य अध्यक्ष मुरली निगम मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार झांझोट, रक्षा न्यास महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती हेमलता तोमर, नागदा नगर अध्यक्ष सिया मीणा, पूर्व उज्जैन संभाग अध्यक्ष रमेश नाथ जी, रक्षा न्यास के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जैन, महेंद्र बना आदि मौजुद रहे। उक्त जानकारी राम कुमावत उपाध्यक्ष ग्राम हिडी ने दी है।

# भोला भण्डारा परिवार का लंगर हेतु ट्रक भोजन सामाग्री लेकर अमरनाथ रवाना

## थांदला से 90 हजार नकद के साथ खाद्य सामग्री प्रदान की वही महेश प्रजापत भी देगें सेवा

### पिपलखुटा महंत दयरामदासजी व मंडलेश्वर जगदीश महाराज संग विधायक किशोरीजी ने दिखाई झंडी

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

थांदला । जम्मू काश्मीर के पवित्र धाम अमरनाथ यात्रा के दौरान लाखों भोलें भक्त यात्रा को जाते है जिनकी भोजन पानी की निःशुल्क व्यवस्था अमरनाथ साइन बोर्ड से पंजीकृत भंडारों में उनके द्वारा आबंटित स्थानों पर की जाती है। डूंगर मालवा प्रांत के दाहोद, झाबुआ, थांदला द्वारा 24वाँ लंगर चंदनवाड़ी के प्लॉट नम्बर 3 पर लगाया जा रहा है जिसके लिए सामग्री से भरा ट्रक संत महात्माओं की मौजूदगी में पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए रवाना किया गया। जानकारी देते हुए भंडारें के संचालक दाहोद के विक्की शर्मा, थांदला के पवन नाहर, श्रीमंत अरोड़ा ने बताया कि इस बार बाबा अमरनाथ की यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त तक चलेगी। 38 दिन की इस यात्रा में देश विदेश से लाखों भोलें भक्त बाबा के दर्शन को जाते है ऐसे में उनके लिए देश की सेना द्वारा बीएसएफ कैम्प व अनेक स्थानों की सेवा समिति लंगर व्यवस्था संचालित करती है जिसमें पहलगाम के रास्तें बाबा बर्फानी की यात्रा के दौरान चंदनवाड़ी



में यात्रियों को निःशुल्क भोजन व आवास सुविधा प्रदान करने को प्रतिबद्ध भोला भंडारा परिवार द्वारा भोजन सामग्री से भरा ट्रक पिपलखुटा महंत 1008 दयरामदासजी महाराज, महामंडलेश्वर जगदीशजी महाराज, (रामानंद पार्क), 108 ऋषिकेशदास महाराज, कबीर महाराज (पिपलोद), भजन गायक जनक रामायणी (तारखेड़ी), के साथ ही दाहोद विधायक कन्हैयालाल किशोरी नगर पालिका प्रमुख धारा सभ्या द्वारा दुर्गेश महाराज के द्वारा विधि पूर्वक पूजा अर्चना कर भोलें ध्वजा दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर पूजा अनुष्ठान में यजमान के रूप में दाहोद से गोपीभाई देसाई, श्रद्धा बेन भंडंग, झाबुआ से प्रकाश राठौड़, मनोज वर्मा, थांदला से ललित शर्मा, किशोर पड़ियार यजमान बनाये गए। इस अवसर पर भोलें भक्त राजू धानक, आत्माराम शर्मा, मनोज उपाध्याय, शैलेंद्र चौहान, मनीष अहिरवार, मोहन चौहान, तुलसीराम मेहते, अमृतलाल चौहान, भैरुलाल मेहते, सुरेश छाजेड़, चिंटू बैरागी, समरथ प्रजापत, विजय डामोर, प्रेम हीहोर, मैथुसिंह बारिया, धन्ना, महेश प्रजापत दाहोद सञ्चालक मण्डल के कृष्णकांत काका, गुन्नु महाराज, राजा भैया, मंगल रवि कुमार, मितल परमार, निहाल शर्मा, श्याम ठाकुर, सुंदर गिरी, मुकेश गोस्वामी, केयूर मोड़ियार आदि के साथ झाबुआ, कल्याणपुरा, दाहोद आदि के अनेक भोला भण्डारा परिवार सदस्य उपस्थित थे।

थांदला के महेश प्रजापत भी सेवादार रवाना

भोला भण्डारा परिवार के सेवादार चंदनवाड़ी में विषम परिस्थितियों में रहकर यात्रा में आने वालें भोलें यात्रियों की तन-मन-धन से सेवा करते है जिसमें इस बार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामचंद्र प्रजापत के पौतें महेश नाथूलाल प्रजापत भी ड्राइवर व सेवादार बनकर ट्रक के साथ रवाना हुए। इससे पूर्व उनके काका समरथ महाराज भी सेवा दे चुके है। उनके भी सेवा समर्पण के भावों को लेकर थांदला भोला भण्डारा परिवार में अपार उत्साह है वही सभी ने पुष्प माला पहनाकर महेश के सेवा भाव की अनुमोदना करते हुए उसे शुभकामनाएं प्रेषित की।



# कलेक्टर श्री सिंह ने श्री मंगलनाथ मंदिर का निरीक्षण किया

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

उज्जैन। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने बुधवार दोपहर श्री मंगलनाथ मंदिर का निरीक्षण कर मंदिर उन्नयन के प्रस्तावित कार्यों की जानकारी युडीए सीईओ श्री संदीप सोनी से प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने मंदिर में प्रस्तावित कॉलम, शिखर, बाहरी दिवारो पर स्टोन क्लेडिंग के कार्य की जानकारी ली और कार्यों को समय सीमा में गुणवत्तापुर्वक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने श्रध्दालुओं की सुविधा के लिए मंदिर में पेयजल, फुटपाथ निर्माण, मोबाईल लॉकर, शु-स्टेंड, बेरिकेडींग, फर्श का रिनोवेशन, विद्युत व्यवस्था, नवीन टायलेट निर्माण, पर्याप्त छाव व प्रकाश की व्यवस्था आदि प्रस्तावित कार्य जल्द शुरु कर पूर्ण करने के निर्देश निर्माण एजेंसी युडीए को दिए। इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह ने भगवान श्री मंगलनाथ का पूजन अर्चन किया। निरीक्षण के दौरान उज्जैन सिटी एसडीएम श्री एल एन गर्ग, तहसीलदार श्रीमती रुपाली जैन, श्री मंगलनाथ मंदिर प्रशासक श्री कृष्ण कुमार पाठक आदि उपस्थित रहे।



# स्वास्थ्य शिविर में 93 मरीज का परीक्षण कर 13

## मरीजों को गहन उपचार हेतु चिन्हित किया

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

उज्जैन। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। इससे गांव के मरीजों को बहुत अधिक लाभ पहुंचेगा। उक्त विचार ग्राम पंचायत ऊंटवास के उप सरपंच श्री जगदीश सिंह सिसोदिया ने स्वास्थ्य शिविर शुभारंभ समारोह में व्यक्त किए। प्रधानाध्यापक श्री संजय शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए। विकासखंड समन्वयक श्रीमती रेणुका श्रोत्रिय ने कहा कि शिविर में दवाई गोली निशुल्क दी जाएगी एवं गंभीर मरीजों को चिन्हित कर मेडिकल कॉलेज उपचार के लिए ले जाया जाएगा। शिविर की रूपरेखा पर मेडिकल कॉलेज से आई टीम के प्रमुख डॉ कैलाश शर्मा ने विचार रखें। नवांकुर संस्था से श्री मुकेश शर्मा, श्री इंद्र सिंह भाटी सहित डॉ पूजा, समाजसेवी राजेंद्र सिंह राठौड़, पंच श्री अनोखीलाल डाबी, पर्यावरण प्रेमी श्री गोकुल प्रसाद पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता माधुरी शर्मा सहायिका कला अजमेरा, नेहा सिसोदिया आशा कार्यकर्ता रेखा बामनिया, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। शिविर में कुल 93 मरीजों का परीक्षण किया गया। 13 मरीजों को गहन उपचार हेतु चिकित्सा दल अपने साथ आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज ले गया। कार्यक्रम का संचालन श्री अर्जुन सिंह डोडिया ने किया। आभार श्री मुकेश शर्मा ने व्यक्त किया।



### पौधरोपण हेतु गड्डा खोदने की मशीन दी

शुभारंभ समारोह के पश्चात नवांकुर संस्था किलोली समर्पण सेवा समिति के श्री अर्जुन सिंह डोडिया ने अधिक से अधिक पौधारोपण का कार्य विकासखंड में हो सके इस उद्देश्यों को लेकर पौधारोपण हेतु गड्ढा खोदने की मशीन विकासखंड समन्वय श्रीमती श्रोत्रिय के हाथों नवांकुर संस्था को दिलवाई। तीन मशीन अलग-अलग सेक्टर के लिए वितरित की गई है। इससे पौधारोपण में काफी आसानी होगी।



दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स